# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/8082 दिनांक 16/12/2013

## / / अधिसूचना / /

## DISTANCE EDUCATION & STUDY CENTRES

**विश्वविद्यालय द्वारा दूरस्थ शिक्षण अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों में संचालित पाठ्यक्रमों (वर्ष 2013–14) के स्नातक– बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. (प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष) तथा स्नातकोत्तर एम.ए. हिन्दी साहित्य, अंग्रजी साहित्य, संस्कृत साहित्य, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, एवं चित्रकला (पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध) के छात्रों के लिये परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:–**

| **विवरण** | **परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथियां** |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों पर जमा करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 20/12/2013 से 06/01/2014** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों पर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **दिनांक 15/01/2014** |
| विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ परीक्षा आवेदन–पत्र अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों पर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **परीक्षा प्रारंभ होने से 7 दिवस पूर्व तक** |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट (Update) करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | **दिनांक 15/02/2014** |

**विशेष नोट :–**

1. उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित अध्ययनशाला/अध्ययनकेन्द्र परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।
2. समस्त निदेशक/अध्ययनकेन्द्रों के प्रभारी परीक्षा आवेदन–पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय–समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन–पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। यदि इसमें कोई त्रुटि होती है तो संबंधित प्रभारी प्राध्यापक/कर्मचारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। विषय समूहों की जानकारी अधिसूचना के साथ संलग्न है।
3. समस्त प्राचार्यगण यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन–पत्रों को अपडेट करते समय समस्त मांगी गयी जानकारियां पूर्ण से अपडेट की गयी हैं अथवा नहीं। एवं छात्र का फोटो व हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाये।
4. दूरस्थ शिक्षण परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार है :–

| **कक्षा का नाम** | **दूरस्थ परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क** | **भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क** | **पूरक/बैक पेपर परीक्षा शुल्क** |
|---|---|---|---|
| बी.ए./बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष | रूपये 850/– | रूपये 1150/– | 550/– प्रति विषय |
| बी.ए./बी.कॉम. तृतीय वर्ष | रूपये 1200/– | रूपये 1500/– | 550/– प्रति विषय |
| बी.एससी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष | रूपये 1465/– | रूपये 1765/– | 550/– प्रति विषय |
| बी.एससी. तृतीय वर्ष | रूपये 1745/– | रूपये 2045/– | 550/– प्रति विषय |
| एम.ए.पूर्वार्द्ध (प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1400/– | रूपये 1700/– | –– |
| एम.ए.पूर्वार्द्ध (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1000/– | रूपये 1300/– | –– |
| एम.ए.उत्तरार्द्ध (प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1680/– | रूपये 1980/– | –– |
| एम.ए.उत्तरार्द्ध (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रूपये 1280/– | रूपये 1580/– | –– |

5. उपरोक्त वर्णित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क नियमित छात्र 60/–, भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर छात्र 80/– रूपये, एवं अग्रेषण शुल्क 50/– प्रति छात्र तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– प्रति छात्र संग्रहित किया जाना है। उपरोक्त शुल्कों की राशि को परीक्षा शुल्क के साथ चालान फार्म में जोड़कर दर्शाया गया है।

6. विषय समूहों की जानकारी, जो स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिये लागू होगी निम्नानुसार है, उक्त विषय समूहों के अतिरिक्त किसी भी विषय में परीक्षार्थी का आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। परीक्षार्थी को द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में भी उक्त विषय समूहों के अनुसार ही विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक परीक्षार्थी को एक विषय समूह में से केवल एक ही विषय का चयन करना होगा।

## स्नातक कक्षा हेतु विषय–समूह

**(अ) कला संकाय (बी.ए.)**

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | अंग्रेजी साहित्य/संस्कृत/मराठी/उर्दू/हिन्दी साहित्य/फंक्शनल अंग्रेजी/फंक्शनल हिन्दी |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | इतिहास/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/दर्शनशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | समाजशास्त्र/सैन्यविज्ञान/मनोविज्ञान/गृहविज्ञान |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/राजनीतिशास्त्र/चित्रकला/संगीत (मौखिक) वाद्य तथा नृत्य/ गणित/कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

**(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)**

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | रसायनशास्त्र/सांख्यिकी/भूविज्ञान/सैन्यविज्ञान/स्टिल फोटोग्राफी/कम्प्यूटर साइंस |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | गणित/प्राणिकी/अर्थशास्त्र |
| 3. | विषय समूह तृतीय | भौतिकशास्त्र/वनस्पतिशास्त्र |
| 4. | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/बायोकैमेस्ट्री/इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/इनवायरमेंटल साइंस |

**(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)**

| | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | विषय समूह प्रथम | एकाउन्ट ग्रुप |
| 2. | विषय समूह द्वितीय | मैनेजमेन्ट ग्रुप |
| 3. | विषय समूह तृतीय | एप्लाईड इकोनोमिक्स/कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

------4

7. **विशेष सूचना – विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के लिये उपरोक्त निर्धारित विषय समूहों में ही परीक्षा आवेदन–पत्र स्वीकार किये जायेंगे। उदाहरण के लिये यदि किसी छात्र ने द्वितीय वर्ष में भूगोल और राजनीति शास्त्र दोनों विषय एक साथ लिये हैं तो उसे तृतीय वर्ष की परीक्षा का आवेदन–पत्र भरते समय वर्तमान विषय समूह में से केवल एक विषय का चयन करना होगा अर्थात् वह केवल या तो भूगोल या राजनीति दोनों में से कोई सा भी एक विषय का ही चयन कर सकता है। प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि छात्र ने पूर्व विषयों में परिवर्तन कर वर्तमान निर्धारित विषय समूहों के अनुसार ही परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया है।**

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C. Shinde

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :–**

1. निदेशक/प्राचार्य, दूरस्थ अध्ययनशाल/अध्ययनकेन्द्र, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)**